कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602
AISHE Code : C-21647

दिनांक : 06/05/2025

**// प्रेस विज्ञप्ति//**

**गर्ल्स कॉलेज में**

**गणित विभाग द्वारा ''शिक्षक-अभिभावक बैठक''**

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों के मूल्यांकन एवं उनको बेहतर बनाने के उद्देश्य से बैठक में अभिभावकों से भी विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर कार्यक्रम, कार्यशाला, कराटे, योग, कैम्पस इन्टरव्यू, स्वरोजगार, स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आदि आयोजित किया जाता है। महाविद्यालय में फोटोकॉपी की सुविधा उपलब्ध की गई है तथा प्राध्यापकों द्वारा मोर नोनी योजना संचालित की जाती है। इसके अलावा समय-समय पर विषय-विशेषज्ञों के व्याख्यान तथा कार्यशालायें भी आयोजित की जाती है तथा उन्होनें यह भी बताया कि शासन से महाविद्यालय परिसर में छात्रावास प्रारंभ कराने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुजा चौहान तथा आभार डॉ. सुमन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों ने महाविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों की प्रशंसा की एवं छात्राओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे।

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


PARENTS TEACHER
MEETING
Department of Mathematics




GPS Map Camera
Check In
Durg,Chhattisgarh,India
Titurdiha, Durg, 491001, Chhattisgarh, India
Lat 21.187630, Long 81.297241
05/06/2025 12:13 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


PARENTS TEACHER
MEETING
Department of Mathematics